# तेरे भरोसे मेरा जीवन दुनिया की परवाह नहीं

तेरे भरोसे मेरा जीवन,
दुनिया की परवाह नहीं,
साथ मेरे तू कन्हैया,
और कुछ भी चाह नहीं।bd।

तर्ज – होश वालों को खबर।

---

मेरा जीवन चल रहा था,
दूर थी मंजिल बड़ी,
नैया मेरी लग रहा था,
ऐसे की ऐसे खड़ी,
हाथ तेरे मेरी नैया-2,
मंजिल की परवाह नहीं,
साथ मेरे तू कन्हैया,
और कुछ भी चाह नहीं।bd।

---

सोना चांदी धन और दौलत,
इसकी चाहत क्यों करूँ,
तू है दाता तू है मालिक,
क्यों मेरी चिन्ता करूँ,
तुमसे तुमको मांगता हूँ-2,
और कुछ भी चाह नही,
साथ मेरे तू कन्हैया,
और कुछ भी चाह नहीं।bd।

---

तुमसे ही 'गोपाल' बना है,
मेरा ये विश्वास है,
तेरी सेवा में समर्पित,
मेरी इक इक सांस है,
सांस मेरी दी है तुमने-2,
सांसो की परवाह नहीं,
साथ मेरे तू कन्हैया,
और कुछ भी चाह नहीं।bd।

---

तेरे भरोसे मेरा जीवन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दुनिया की परवाह नहीं,
साथ मेरे तू कन्हैया,
और कुछ भी चाह नहीं।bd।

**Singer – Akansha Mittal**
**Writer – Gopal Goyal**
**9811845745**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com